BILINGUAL | हिंगLISH
Monthly E-Magazine
| MAY 2023

"JUNOON"-The passion for making a difference

# जुनून

*Spreading positive vibes in the mind*



"अपने सपने पाने के लिए दूसरा जन्म नहीं होगा।" - मुन्ना कुमार

Published by
KHWAB FOUNDATION,INDIA
www.khwabfoundation.org

CELEBRATING
Keeper of Helpless With Aim & Brain
Khwab Foundation
2nd National Movement
www.khwabfoundation.org
12TH ANNIVERSARY

## CAREER

HAPPY 12TH ANNIVERSARY OF KHWAB FOUNDATION

## PATH

# Index


03
संपादकीय

04
Founder's Note

05
News Editor's Notes

06-15
सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

16
कुंठित मन

17
विपिन कुमार: पर्यावरण वीर

13
मुन्ना भाई को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

18
कविता

19
कलाम यूथ क्लब

20
आपका विचार और सलाह

21
जन्मदिन स्पेशल अंक

22
Career Path- ख़्वाब के साथ

23
कष्टमेव जयते

24
कलामवाद

25
अपील

26
पत्रिका का हिस्सा बनें

27
इतिहास के पन्नों में

28-29
मिडिया के नज़र में

30
फाउंडेशन स्थापना बैनर


CELEBRATING
Keeper of Helpless With Aim & Brain
Khwab Foundation
2nd National Movement
www.khwabfoundation.org
12TH ANNIVERSARY

# Editor-In-Chief

## संघर्ष ही जीवन की कुंजी है।



मुख्य संपादक

------------

**डा. बिनोद कुमार सिंह**
**प्रधानाध्यापक,**
UMS सिरहा मुसहर टोली
प्रखण्ड-पकड़ीदयाल, पूर्वी चंपारण
बिहार

**जुनून** ---सुषुप्त एवं उदासीन प्रतिभाओं को जगाने एवं सकारात्मक ऊर्जा से नौजवानों एवं बच्चों में परिवर्तनकारी स्फूरण प्रवाहित करने का एक प्रयास है जिससे हिंदुस्तान ही नहीं विश्व की संपूर्ण युवा शक्ति को एक संबल एवं सहारा मिलेगा।

विद्यार्थी दो शब्दों विद्या एवं अर्थी का मिलन है विद्या की परिभाषा है "सा विद्या या विमुक्तये" अर्थात् विद्या वही है जो विशिष्ट मुक्ति के लिए हो एवं इसको चाहने वाला इस विशिष्टता को धारण करने वाला "अर्थी" शब्द को प्रकाशित करता है।

मुक्ति से तात्पर्य है बंधनों से परे और विमुक्ति का तात्पर्य है विशिष्ट बंधनों से स्वतंत्र अर्थात् विमुक्ति हमें स्वतंत्र करती है आजाद करती है कि हम विद्यार्थी अपने सपने अपने लक्ष्य और उद्देश्य को प्राप्त करें तथा अनवरत आगे बढ़ते रहें।गतिशीलता ही जीवन है और रुक जाना है मृत्यु है ।अपने अंदर की जीवंतता को कभी भी मुरझाने न दें। संघर्ष ही जीवन की कुंजी है। बच्चे जब मां की गोद छोड़कर आगे बढ़ते हैं, ठुमक -ठुमक कर चलते हैं खड़े होते हैं ,गिरते हैं और फिर लगातार यह काम करते रहते हैं तो एक दिन स्वयं उनको खड़ा होकर चलना आ जाता है। प्रयास उनका स्वयं का होता है। फिर कुछ दोस्त मिल जाते हैं, और कुछ सहेलियां मिल जाती हैं, शिक्षक मिलते हैं, गुरुजी मिल जाते हैं तथा विद्यालय मिलता है घर से परिवार से अलग एक माहौल मिल जाता है प्रारंभिक शिक्षा माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की शिक्षा का अवसर मिलता है, मित्रों पुस्तकों इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का संपर्क मिलता है। माध्यमिक शिक्षा के बाद ही एक फिसलन भरी डगर मिलती है जिनका कोई लक्ष्य होता है उसके प्रति संघर्ष करते रहते हैं अवसर चुकते नहीं हैं आगे बढ़ते हैं और एक सफल जीवन जीते हैं । इसी मोड़ पर जिनका लक्ष्य उद्देश्य तय नहीं हो पाता है वह अपनी राह और मंजिल तय नहीं कर पाते फिसल जाते हैं और भटकाव भरी जिंदगी जीने को मजबूर हो जाते हैं ।इसी जगह एक अच्छे मित्र की जरूरत पड़ती है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब ने ठीक ही कहा है -**“One best book is equal to hundred good friends but one good friend is equal to a library.”**

ख्वाब फाउंडेशन इसी मोड़ पर एक गुड फ्रेंड अच्छे मित्र की भांति सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए संपूर्ण विश्व की युवा शक्ति के लिए प्रेरणात्मक ऊर्जा स्रोत बन कर खड़ा है जो एक दूसरे के सहयोग से बच्चों की उदासीनता को दूर कर कम संसाधनों में भी एक अच्छा माहौल देखकर बच्चों को एक लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने और मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण सफल जीवन जीने की अमोलक शक्ति प्रदान कर रही है।सभी बच्चों में अलग-अलग गुण स्वभाव एवं कौशल होता है जो जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहता है उसी में उसे सही मार्गदर्शन मिले तो वह आगे निकल जाएगा और इतना लागे जिसकी कोई सीमा न हो । दुनिया में कोई काम असंभव नहीं है बस चाहिए लगन और प्रयास भी।



# Founder's Notes



**चेयरमैन, ख़्वाब फाउन्डेशन**
मुन्ना कुमार[लेखक, लेक्चरर]
अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर

साथियों,
कष्टमेव जयते।

छात्र जीवन जिंदगी का सबसे सुनहरा समय होता है जहां से जिंदगी के बाद भी अमर रहने लायक ऐतिहासिक कार्य किया जा सकता है। कहने का मतलब है कि पूरी जिंदगी का सार है --छात्र जीवन ।किसी भी व्यक्ति के आबाद अथवा बर्बाद होने का यही समय है। इस समय जिंदगी के लक्ष्य निर्धारित हो जाने चाहिए ताकि एक निश्चित दिशा में पढ़ाई हो सके। दिमाग में सिर्फ और सिर्फ उसी के प्रति सोच पैदा होना शुरू हो जाएगा और निश्चित ही लक्ष्य को हासिल करने हेतु असली प्यार, सच्चे आनन्द की अनुभूति होने लगेगी।
डॉ कलाम साहब का कथन –

--------------------------------------------------

***"Dream, dream, dream.***
***Dreams transform into thoughts and***
***thoughts result in action."***
**स्वप्न,स्वप्न,स्वप्न**
**स्वप्न से विचार बनते है और**
**विचार से कर्म होते है।**

-------------------------------------------------------

**लक्ष्य तय करके आप अपना आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं। आत्मविश्वास चार कदमों से बढ़ा सकते हैं- पहला लक्ष्य तय करना, दूसरा उसकी ओर सफर की शुरुआत, तीसरा सफलता की ओर बढ़ना, चौथा-काम, काम और काम ।**

अगर अभी भी अपना पहला कदम बढाने में हिचकिचाहट हो रही है अथवा शक हो रहा हो तो बिना किसी संकोच के ख्वाब फाउंडेशन ऑफिस में संपर्क करें अथवा मुझसे बात करें। पहला कदम मजबूती के साथ उठ जाए फिर तो पूरी जिंदगी के सफर का भरपूर आनंद उठा पायेंगे।अभी आपकी परीक्षा के परिणाम आए हैं अथवा आने वाले होंगे तबतक आपका पहला कदम बढ़ जाना चाहिए ताकि अगला कदम बढाने में सहूलियत हो।

एक बात दिमाग में बैठा लें कि दुनिया सिर्फ उगते हुए सूर्य को सलाम करती है इसलिए खुद को उस स्तर तक पहुंचाएं ताकि जन्म लेना सार्थक बन सके। हर को जिंदगी में सफल होना चाहता है लेकिन बस कुछ ही कर के दिखा पाते है। विश्व का इतिहास उन गिने-चुने लोगों का इतिहास है जिन्हे खुद के ऊपर ज्यादा विश्वास था और आप भी उन्ही में से एक है । आगे बढ़ते रहें और जहां हमारी जरूरत हो ,नि:संकोच बोले।

Munna Kumar



# News Editor's Notes



**संपादक**
गोलू कुमार,[युवा कवि,लेखक]
जिला उपसचिव,( ख़्वाब फाउन्डेशन )

जय हिन्द!

प्यारे 'जुनून' पाठक बंधुओं इस माह का अंक छात्र-छात्राओं के करियर से सम्बंधित है। आप सब कहीं भी होंगें स्वस्थ होंगे, मस्त होंगें। इस जीवन के आपाधापी में हमारे 'जुनून' के लिए समय निकाल रहें हैं तो बहुत ही सौभाग्य है 'जुनून' समूह के लिए अगर इस पत्रिका के माध्यम से एक दुसरे के अंदर सीखने-सिखाने का परम्परा पनपता है तो हमसब के लिए गर्व का क्षण होगा।

छात्र जीवन बहुत ही शानदार व जानदार होता है तो मुश्किल भी होता है। जरुरत होता है तो सिर्फ आत्मविश्वास एवं साहस बनाए रखने का। हमारे ख़्वाब फाउंडेशन का कथन भी है-'उद्देश्य और मस्तिष्क के साथ असहाय का रक्षक'। ऐसे हीं बच्चों के लिए हमारे फाउंडेशन का प्रत्येक अंग अथक परिश्रम के साथ कार्य करता है।
बच्चों को मैं यहीं कहना चाहता हूं कि आप लोग कभी घबराए नहीं किसी भी तरह का शैक्षणिक गतिविधि से सम्बंधित आपको मदद चाहिए तो हमारा ख़्वाब फाउन्डेशन का टीम 'जुनून ई-मैग्जीन ' के माध्यम से सहायता करने के लिए 24×7 तत्पर है।
आप इस पत्रिका को हमेशा खुले दिमाग से पढ़ें, उम्मीद है इस बार का अंक पिछले अंक से बेहतर होगा अगर किसी भी तरह का त्रुटि हो एवं 'जुनून' के बारे में सुझाव तो आप हमें प्रतिक्रिया अवश्य भेजें ताकि मैं सुधार कर और बेहतर कर सकूं।

आप सब भी 'जुनून पत्रिका ' परिवार का एक हिस्सा हैं इसलिए आपके हर प्रतिक्रिया का हमें इंतजार रहता है। इसी तरह हमें प्यार और आशीर्वाद देते रहे ताकि और बेहतरीन असहाय बच्चों के जीवन के लिए कर सकूं।
धन्यवाद!

Golukumar.
Golu kumar

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

**सकारात्मक प्रसार से ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और सफलता की तरफ अग्रसर होकर सफलता की सबसे उच्ची शिखर छूँ पाएंगे। अगर आप भी कुछ सकारात्मक कार्य कर रहे है तो ख्वाब फाउंडेशन से जुड़े और अपने अंदर के सकारात्मक ऊर्जा को मौका दें ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन में अहम योगदान हो सके।**

**खुशी व रौशनी आईएएस तो एहसान और यूसुफ डॉक्टर बन समाज की सेवा करना चाहता है।**

**(जुनून )1 अप्रैल 2023,मोतीहारी:** बिहार बोर्ड ने 10वी का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें टाइज 20 क्लासेज़ के 100 % बच्चों अच्छे अंक से उतीर्ण किये है। बेहतर अंक लाकर गांव की बच्चीयों ने गांव का नाम रौशन किया है।




संस्था के निदेशक टी.वाई. साहेब सर ने बताया है कि फर्स्ट डिवीजन लाकर एहसान अंसारी (373), पिता नेसार अंसारी, खुशी खातून(347) पिता अब्दुल मजीद अंसारी , रौशनी खातून(303) ,पिता हाफिज अंसारी ,यूसुफ हुसैन( 315) पिता जाबिर हुसैन ने संस्था का गौरव बढ़ाया है। यहां कम फी में बच्चों को गांव में बेहतरीन शिक्षा दी जाती है। अन्य बच्चियां भी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है अफ़साना,नसीमा,रेहान आलम सजदा,मुस्कान ,सानिया, अफरीदा, गुलापसा जो बाकि बच्चों के लिए प्रेरणा है गांव के लड़कियों के लिए जिन्हें आज भी गांव में पढ़ने नही दिया जाता है। ख़्वाब फाउंडेशन फाउंडर मुन्ना कुमार ,निदेशक इस्माईल सर ,ने भी सभी को शुभकामनाएं दी है।

**सुपर 50 शैक्षणिक संस्थान के सभी छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा में सफलता प्राप्त की।**

**(जुनून) 1 अप्रैल 2023,मोतीहारी:** मोतिहारी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र बतरौलिया में स्थित सुपर 50 शैक्षणिक संस्थान के सभी विद्यार्थियों ने पहली प्रयास में ही मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। संस्थान के संस्थापक आजाद सर ने बताया कि



ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती है और इस बात को विधार्थियों ने सही साबित किया। ।सफल होने वाले विद्यार्थियों में दिनेश कुमार, प्रिंस कुमार,रीमा कुमारी,पुनम कुमारी, रविकिशन कुमार, काजल कुमारी,सिमा कुमारी, विवेक कुमार, रौशनी कुमारी, निशा कुमारी , खुशबू कुमारी, सत्येन्द्र कुमार ममता कुमारी, पिंकी कुमारी मणिकांत कुमार ,व सोनाली कुमारी व अन्य विद्यार्थियों के परिवार में हर्ष का माहौल है।

**चम्पारण मैट्रिक क्लासेज के विद्यार्थियों ने लहराया परचम**

**(जुनून)1 अप्रैल, मोतिहारी:** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में ढेकहां में स्थित चम्पारण मैट्रिक क्लासेज के संचालक संतोष सर ने बताया कि सभी बच्चे पढ़ने के लिए उत्साहित थे सफल होने वाले विद्यार्थियों में आदित्य कुमार 457 अंक , अमन कुमार 422 ,साक्षी कुमारी 397 ,अर्जुन कुमार 381, करीना कुमारी 371, सत्यम कुमार 362, नंदनी कुमारी 368, आकाश कुमार 346, सुमन कुमारी 339, संतोष कुमार 331, संगीता कुमारी 312, राहुल कुमार 311, अभिषेक कुमार 311, धीरज कुमार 306, अभिषेक कुमार 300, सहित दर्जनों विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफल होकर अपने परिवार जिले का मान बढ़ाया।



**रोजाना सुबह संचालित है हैप्पी क्लब**

**(जुनून)1 अप्रैल, मोतिहारी:** स्वास्थ्य को लेकर चिंतित लोगों के लिए ख्वाब फाउंडेशन के माध्यम से हैप्पी क्लब का संचालन रोजाना होता है। इसके सक्रिय सदस्य और व्यायाम के कोच श्री कौशल सिंह हमेशा प्रतिभागियों को निशुल्क अभ्यास करवा रहे है तो वही योग के ट्रैनर श्री राजा केसरी अपने कौशल से सबको लाभ पहुंचा रहे है। आप अपने गाँव/पंचायत में इस क्लब की शुरू कर अपने आस-पास वाले व्यक्तियों को लाभ पहुंचा सकते है। क्लब के माध्यम से सभी नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान की जाएगी। स्वस्थ्य रहेगा इंडिया तभी न प्रगति करेगा इंडिया। स्वस्थ्य रहेगा भारत तो खुशहाल रहेगा भारत। आप अपने घर में छोटा क्लब खोल सकते है। आप अपना अनुभव और फोटो हमसे शेयर कर सकते है और संस्था से जुड़ सकते है ।






**बीसीए के छात्रों का अद्भुत संगम**

**(जुनून)1 अप्रैल 2023, मोतीहारी :** ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन श्री मुन्ना कुमार स्थानीय एलएनडी कॉलेज में बीसीए विभाग में फैकल्टी है। हमेशा से इस विभाग को बेहतर करने और बच्चों को प्रोफेशनल स्किल में रुचि लेने हेतु प्रयासरत रहे है। इसी को ध्यान में रखकर ऐसे बच्चों के लिए technocrats Coder की स्थापना कर बच्चों को professionally प्रशिक्षित करने का कदम बढ़ाया।

बच्चों ने शानदार प्रयास कर सभी सेमेस्टर के बच्चों को एक मंच पर लाया। 2 फ्रेशर और एक फेवरवेल के साथ शानदार संगम कार्यक्रम सफल रहा। बच्चों के अंदर एक सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह हुआ जो आगे पढ़ाई में रुचि बनाकर रखेगा।


6 th sem,2019-2022, farewell ceremony


Mr . & Miss Fresher विजेता के साथ


1 st sem,2022-2025 (Now 2 nd sem), Fresher Cake Cutting




3 rd sem,2021-2024, Fresher Cake Cutting







## Career counseling का आयोजन सफल हुआ :



[Inaugurated as Chief guest Munna Kumar]

**(जुनून)3अप्रैल 2023:** दिनांक 03 April 2023 को शैक्षणिक संस्थान "EKLAVYA SCIENCE INSTITUTE,RAJEPUR"में Career counselling तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में Er.Munna Kumar (इंटरनेशनल यूथ मोटीवेटर) तथाAmbika prasad nandan (अंतराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य कवि ),Dr.Tej Narayan (owner of the royal phular hospital ,Muz),Dr lakshman prasad yadav (Rajepur),Dr.Dinesh kumar (Rajepur), Dr.Guddujaiswal(Madhuban), Dr.Manoj yadav ( मुखिया पति ), Rambabu Kumar ,Arvind kumar (पंचायत समिति सदस्य ),Jitan paswan (सामाजिक कार्यकर्ता ),Rambabu sah (पूर्व मुखिया ),Manoj kumar sah (प्रधानाध्यापक G.M.S Madhuahan brit),Jata shankar prasad (प्रधानाध्यापक U.M.S Rajepur),न्य सभी लोग उपस्थित होकर 10वीं और 12वीं में अच्छा अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत एवं उत्साहित किए कि आगे जिंदगी में लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें ?उपस्थित सभी अतिथिगणों को "एकलव्य परिवार एवं टीम अभिनंदन भारत" की तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद!!जिन्होंने अपने कीमती समय को निकालकर आने का कष्ट किये|एक बेहद सफल और शानदार कार्यक्रम , छात्रों के लिए एक लाभदायक कार्यक्रम।

## RDS Coaching Centre के छात्रों के सम्मान समारोह के कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुन्ना भाई



**(जुनून)8 अप्रैल 2023**

पकड़ीदयाल अवस्थित आरडीएस कोचिंग के सफल छात्रों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन मोटिवेशनल स्पीकर मुन्ना भाई ने किया और सम्मान समारोह में टॉपर छात्रों को प्रशस्ति पत्र,मेडल और ट्रॉफी से सम्मानित कर हौसला अफजाई किया गया। दिलीप कुमार जी द्वारा संचालित कोचिंग के सफल छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दिए। ऐसे ही आगे बढ़ते रहे।

## ख्वाब फाउंडेशन की ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक "कलाम यूथ क्लब" की शानदार शुरुआत




**(जुनून)3अप्रैल 2023**

ख्वाब फाउंडेशन के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक "कलाम यूथ क्लब"के द्वारा सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के युवा छात्रों को उचित मार्गदर्शन में व्यक्तित्व विकास के साथ पढ़ाई के क्षेत्र में सफलता हेतु तैयारी कराई जाएगी। समाज का एक भी युवा भटके नही इसके लिए समुचित मोटिवेशन के साथ नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान की जाएगी।लड़के और लड़कियों की अलग- अलग टीम होगी जो गांव/पंचायत के एक-एक युवाओं को क्लब में जोड़ेगी और यथासंभव पढ़ाई हेतु सहयोग करेगी।
नोट: आप अपने कोचिंग /स्कूल /गांव/पंचायत में यूथ क्लब खोलना चाहते है , संपर्क करें, मदद प्रदान की जाएगी।

## ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने बच्चों को किया उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित-



**(जुनून)7अप्रैल2023**

पकड़ीदयाल में Toppers Point के द्वारा आयोजित 10 व 12वीं के सफल छात्रों के लिए सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा- ग्रामीण क्षेत्र में मॉडर्न सुविधा और उच्च शिक्षा ज्ञान किए हुए शिक्षकों की मजबूत टीम द्वारा एक शानदार शुरुआत है।प्रिय शिष्य अंकित जायसवाल और संदीप जायसवाल की मजबूत टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है। पहली बार में ही 12वीं के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण ,एक अच्छी शुरुआत कही जा सकती है। लड़कियों के लिए एक अच्छा अवसर है। बढ़ते रहे और बढ़ाते रहे। शुभकामना!

## चम्पारण के दो लाल ने किया बच्चों का Career Counseling....




**(जुनून)8अप्रैल2023**

Invited as Chief guest Mr. Munna Kumar with KBC winner Shri Sushil Kumar in Career Counseling सह प्रतिभा सम्मान समारोह, गोढ़वा, पूर्वी चंपारण, बिहार, India.
ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को समुचित मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन मिल पा रहा है।
Sure success coaching centre के सभी dynamic Youth team को खूब खूब बधाई और शुभकामनाएं।


## Google Cloud Community Day 2023 के मौके पर मोटिवेशनल स्पीकर मुन्ना कुमार का प्रतिभागियों के लिए संबोधन :-




**(जुनून)7अप्रैल2023**

Google Cloud Community Day 2023 में एक मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने कहा कि - आज तकनीक काफी मॉडर्न होती जा रही है और इस दरम्यान हम खुद को अपडेट नही करेंगे तो आउट ऑफ़ डेट हो जाएंगे। इसलिए आगे बढ़ने के लिए खुद का इकोसिस्टम बनाना पड़ेगा।
यह एक शानदार कम्यूनिटी की शुरुआत है जिसके लिए AppyCrown के CEO श्री Om Prakash जी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। युवाओं को आगे बढ़ने और खुद के अंदर के असली ताकत को पहचानने के लिए रचनात्मक कार्य होते रहना चाहिए।

## सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी के द्वारा प्रो. नसीम अहमद को दिया गया श्रद्धांजलि




**(जुनून)8अप्रैल2023**

मोतिहारी नगर के नागरिकों ने भरे मन से अपने अभिभावक एवं बहुमुखी व्यक्तित्व के स्वामी, प्रोफेसर नसीम अहमद को सुपुर्द ए खाक कर दिया।नागरिकों के संगठन सिटीजन फोरम के निर्माण में तो उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी और हमेशा समाज हित में सार्थक मार्गदर्शन करते थे। हम लोगों ने तो अपना मार्गदर्शक खो दिया।प्रोफेसर नसीम अहमद को श्रद्धांजलि देने के लिए सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी के तत्वाधान में कल दिनांक 9 अप्रैल रविवार को प्रातः 9:00 से 10:00 तक छतौनी चौक स्थित शहनाई वेंकट हॉल के सभागार( लाल प्रसाद एंड संस ,पेट्रोल पंप के बगल में) में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिया।




## BCA में 50मार्क्स के सेमिनार का इस वर्ष से हुई शुरुआत



**(जुनून)9अप्रैल2023**

BCA Dept,LND College Motihari में पहली बार सफल सेमिनार का एसा आयोजन हुए। बीसीए के अंतिम सेमेस्टर का 50 मार्क्स का सेमिनार होना है जो अबकी बार से शुरुआत हुआ है। प्रतिभागी सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां।

## चम्पारण के भूमि पर 'स्वास्थ्य चिकित्सक सम्मेलन' का होगा आगाज



**(जुनून)10अप्रैल2023**

आरोग्य भारती द्वारा पुर्वी चम्पारण के मोतीहारी शहर में होगी स्वास्थ्य चिकित्सक सम्मेलन। तैयारी बैठक में ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन ई. मुन्ना कुमार शामिल होकर अपना भागीदारी सुनिश्चित किया। आगामी 23 अप्रैल 2023 को होने वाले चिकित्सक सम्मेलन की तैयारी हेतु रेड क्रॉस मोतिहारी में बैठक करते आरोग्य भारती के उत्तर बिहार प्रान्त के माननीय प्रांतीय अध्यक्ष डॉ राजेश श्रीवास्तव जी, जिला सचिव डॉ हेमंत कुमार जी व कार्यकारिणी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## आपसी छुआ-छूत एवं भेदभाव संकीर्ण मानसिकता वाले हमारे समाज में यह दूषित हवा न फैलें : मुन्ना भाई



**(जुनून)10अप्रैल2023**

ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन एवं मोटिवेशनल स्पीकर ई. मुन्ना कुमार सामाजिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारा युक्त महानतम पवित्र पर्व ईद के शुभ अवसर पर चम्पारण सहित भारत के मुस्लिम भाइयों को अग्रिम शुभकामना व हार्दिक बधाई दिए। अपने मित्र सोहेल जी के आमंत्रण पर रमजान पार्टी में भी शामिल होकर समाज को समानता का संदेश दिया जिससे आपसी छुआ-छूत एवं भेदभाव संकीर्ण मानसिकता वाले हमारे समाज में यह दूषित हवा न फैलें। श्री कुमार ने सम्बोधन में कहा कि यह मेरा देश,मेरा समाज संविधान के बनाए हुए नियम के अनुसार चलते हैं जिसमें समाज के हर तबके के लोगों को समान अधिकार प्राप्त है इसलिए हम सबको एक जिम्मेवार नागरिक होने के नाते संविधान को सम्मान करना चाहिए।सब मिलजुल कर रहें।

## RTI,PIL,सामाजिक सरोकार पर कार्य करने वाला पत्रकार एवं अधिवक्ता का राज्यस्तरीय हुआ सम्मेलन



**(जुनून)9अप्रैल2023**

RTI,PIL पर कार्य करने वाले पत्रकारों और अधिवक्ताओं का राज्यस्तरीय सम्मेलन में आए हल्ला बोल के प्रणेता श्री अनुपम जी को ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन ई.मुन्ना कुमार ने सम्मानित किया एवं अपनी विचार रखते हुए श्री कुमार ने सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी के अध्यक्ष श्री बीरेंद्र कुमार जालान जी को एक सफल कार्यक्रम बनाने के लिए हार्दिक बधाई भी दी।

## SNS College के बच्चों का VIVA व Project Presentation काफी रोचक रहा : मुन्ना कुमार



**(जुनून)11अप्रैल2023**

SNS कॉलेज मोतिहारी(BCA Dept.)के प्यारे छात्रों के साथ कॉलेज में मशहूर युथ आइकॉन मुन्ना कुमार का अंतिम यादगार पल कुछ तस्वीरों में कैद हुई। प्यारें BCA (6th sem)के बच्चों का VIVA और project Presentation था जो काफी रोचक एवं शानदार रहा। कुछ बच्चों ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया जो उसके उज्ज्वल भविष्य की तरफ इशारा कर रहा था। जाते-जाते एक यादगार और ऐतिहासिक तस्वीरों को लिए विदा हुए। सभी बच्चे काफी मेहनती और लग्न के साथ अपना पढ़ाई-लिखाई करते हैं तभी वे आज अपने मंजिल के निकटतम है।

## अम्बेडकर जयंती के मौके पर समारोह में शामिल हुए ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार






(जुनून)14अप्रैल2023

संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जन्म महोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन करते हुए ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार।

मोतीहारी विधानसभा के ढेकहां झिटकहियां में आयोजित विशाल शानदार जन्मोत्सव में शामिल हुआ। साथ में कई हस्तियां शामिल रहीं। एक अद्भुत आयोजन हुआ। श्री कुमार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब भले हीं हमलोग के बीच आज मौजूद नहीं हैं लेकिन उनका विचार आज भी हमलोग के मस्तिष्क में मौजूद है बस देर है उसे अमल करने की तो जरूर उनके विचार को पढ़ें सोचें, समझें। जय भीम, सबका मंगल हो।






## ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने मोतिहारी के हराजपुर गांव में एक कार्यक्रम में हुए शामिल



(जुनून)13अप्रैल2023

मोतीहारी विधानसभा के लक्ष्मीपुर पंचायत के हराजपुर में हमारे ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने अपने प्यारे राहुल बाबू के घर एक कार्यक्रम में शामिल होकर अपना भागीदारी सुनिश्चित किया। वहां उपस्थित और अन्य लोग भी मौजूद थे।

## थैलीसीमिया योद्धा वर्षा वासवानी अब नहीं रहीं : ख्वाब फाउंडेशन,भारत



(जुनून)15अप्रैल2023

थैलीसीमिया योद्धा वर्षा वासवानी जी को ख्वाब फाउंडेशन पूरे परिवार के तरफ से अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उन्होंने इतना शारीरिक कष्ट रहते हुए भी अंतिम क्षण तक अपनी हिम्मत नहीं हारी। लगातार चेहरे पर मुस्कुराहटों के साथ ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराना इतना आसान नहीं था जितना आसान वर्षा जी ने बनाया जीवन के 24 वर्षों तक लगातार रक्त चढ़ाते-चढ़ाते वर्षा जी दुनिया को अलविदा कह गईं! अत: आपसे आग्रह है कि शादी से पहले कुंडली मिलान के साथ (HBA2)टेस्ट करवाकर दो थैलीसीमिया माइनर की शादी रोककर थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को धरती पर आने से रोकने की मुहिम का हिस्सा बनकर समाज को उपकृत करें ।

## जन्मदिन के कार्यक्रम में शामिल हुआ ख्वाब फाउंडेशन परिवार





(जुनून)2अप्रैल2023

ख्वाब फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमित कुमार कुशवाहा जी के सुपुत्र का जन्मदिन के मौके पर फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार एवं अन्य सभी सदस्य गण नितिश कुमार,धर्मेन्द्र जी, मनीष जी, अंजना जी,शालू, श्वेता, कादीर जिल्लानी आदि सब कोई साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक पौधे को भेंट स्वरूप प्रदान किया एवं लम्बी आयु तथा स्वस्थ रहने का आशीर्वाद व बधाई दिए। इस अवसर पर एक भोज पार्टी का आयोजन भी बहुत शानदार तरीका से सबके लिए उचित प्रबंध किया गया था।





## विद्यालय और पुस्तकालय बंद हो जाए तो दुर्भाग्य है हमारे राष्ट्र के लिए : मुन्ना कुमार




(जुनून)16अप्रैल 2023

मोतिहारी के सिरहा पंचायत में कभी पुस्तकालय और हैप्पी स्कूल का संचालन हुआ करता था अगर विद्यालय और पुस्तकालय बंद हो जाए तो दुर्भाग्य है हमारे राष्ट्र के लिए। विद्यालय व पुस्तकालय यह दोनों अंधकारमय(अज्ञानता) समाज को, राष्ट्र को एवं परिवार को प्रकाशमय(ज्ञानता) बनाता है। आज पहली बार अंबेडकर साहब की जयंती बड़े स्तर पर मनाया गया।आशा करता हूं कि अंबडेकर साहब के सपनों को पूरा करने हेतु पुस्तकालय का संचालन होगा और गरीब बच्चों को फिर से पढ़ाया जाएगा ताकि संविधान के महत्व को समझ सके अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर हमारे हीं समाज में असामाजिक तत्वों को और फैलते देर नहीं लगेगी इसलिए सोएं समाज के लोगों बच्चों के शिक्षा के लिए जागो। ऐसा ख़्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से समझाने का प्रयास किया गया है. अब देखना यह है कि सिरहा पंचायत के लोग शिक्षा को लेकर कितना चिंतित हैं इसको सकार करने में सफल होते हैं या नहीं।

## चिकित्सक सम्मेलन में शामिल हुआ ख्वाब फाउंडेशन परिवार



(जुनून)23अप्रैल2023

23-अप्रैल 2023 को आरोग्य भारती मोतिहारी के द्वारा चिकित्सक सम्मेलन का आयोजन मोतिहारी शहर के जिला परिषद सभागार में स्वस्थ जीवनशैली के समस्त पहलुओं पर व्याख्यान करते हुए इस कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा ममता राय उपस्थित रही। कार्यक्रम में उपस्थित आरोग्य भारती परिवार के सभी चिकित्सक स्वस्थ्य जीवनशैली के सभी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दिया। जिसमें डॉक्टर आशुतोष शरण, डॉक्टर हेमन्त कुमार, डॉक्टर वि.के पाण्डेय, डॉक्टर प्रभात प्रकाश, प्रदेश के विभिन्न चिकित्सक सहित ख्वाब फ़ाउन्डेशन परिवार से चेयरमैन मुन्ना भाई, सुषमा कुमारी, सांत्वना सरगम, गोलू कुमार, आनंद विहार, डॉक्टर आनंद,महंथ कुमार सहित सक्रिय सदस्यों ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## मोतिहारी शहर में कुछ नामी निजी विद्यालयों के अंदर अनियमियता और अव्यवस्था के बारे में मिलीं जानकारी : CFM



(जुनून)17अप्रैल2023

सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी के शिक्षा हेतु बनी उपसमिति के निर्णायक बैठक में शामिल हुए मुन्ना भाई
बताते चले कि शहर के कुछ नामी गिरामी निजी विद्यालयों के अंदर अनियमियता और अव्यवस्था के बारे में जानकारी मिली जिसको लेकर एक गंभीर बैठक हुआ जिसमें कई निर्णय लिए गए। बहुत जल्द आप सबका सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी। बैठक में अध्यक्ष श्री बीरेंद्र कुमार जालान साहब, समर्पित समाजसेवी और व्यवसायी श्री राम भजन जी और महिला शक्ति विनती शर्मा जी शामिल रहीं।

## आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक रूप के अलावा अध्यात्मिक रुप से मजबूत होना हीं युवा है : स्वामी दिव्यसागर जी महाराज





(जुनून)27अप्रैल2023

अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तरों पर विख्यात एवं परमज्ञानी स्वामी दिव्यसागर जी महाराज जो उत्तरप्रदेश से चलकर बिहार के चम्पारण के बगहा गांव में 27अप्रैल 2023 (रात्रि)के दौरान एक शादी समारोह के शुभ अवसर पर उनके व्याख्यान सुनने हेतु आमंत्रित किया गया था। उन्होंने आस्तिक और नास्तिक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों के साथ-साथ जुनून ई-मैग्जीन के न्यूज़ एडिटर गोलू कुमार के द्वारा दिया गया टॉपिक 'युवाशक्ति' पर बहुत हीं बेबाकी से अपना साधारण भाषा में विचार रखते हुए वहां उपस्थित सभी महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे को काफी उर्जा से उत्साहित किए। यह व्याख्यान शंखनाद के साथ शुरू हुआ और शंखनाद से हीं समापन भी हुआ। आपको बता दें- स्वामी जी का अपना एक यूट्यूब चैनल 'दिव्य पावन धारा' के नाम से हैं और सारे चर्चित सोशल मिडिया पर सक्रिय रहते हैं। मनुष्य के सारे समस्या का समाधान करने के कोशिश में रहते हैं प्रत्येक विषय पर इनका व्याख्यान का विडियो यूट्यूब पर उपलब्ध है। वहां पर उपस्थित उनके भक्त दीपक कुमार सिन्हा, सुशील कुमार सिन्हा, गिरीशनंदन प्रसाद सिन्हा, रजनीश कुमार, विश्वनाथ प्रसाद, रत्नेश कुमार, सिद्धेश कुमार, मुन्ना कुमार,नीरज कुमार, मंजय कुमार, रोहित नंदन, निशु,प्रिया,आरती, राहुल, आकृति एवं अन्य सम्मानित लोग मौजूद स्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## पृथ्वी दिवस पर निधि रंजन को पेंटिंग के लिए मिला पुरस्कार




**(जुनून)22 अपैल 2023**

मोतिहारी शहर के रहने वाली निधि रंजन पिता-रवि रंजन वर्मा ने अपने हाथों के कलाकारी से अद्भुत तस्वीर बना कर दुनिया को गहरा संदेश दी और इनको इसके लिए पुरस्कार भी मिला। बताते चलें कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसे 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप की थी। अब इसे 192 से अधिक देशों में प्रति वर्ष मनाया जाता है। 22 अप्रैल 2000 का पृथ्वी दिवस पहले पृथ्वी दिवस की उमंग और 1990 के पृथ्वी दिवस की अन्तरराष्ट्रीय जनसाधारण कार्यशैली का संगम था।

2000 में, इण्टरनेट ने पूरी दुनिया के कार्यकर्ताओं को जोड़ने में पृथ्वी दिवस की मदद की। 22 अप्रैल के आते ही, पूरी दुनिया के 5000 समूह एकजुट हो गए और 184 देशों के लाखों लोगों ने इसमें हिस्सा लिया।

## ख़्वाब फाउन्डेशन 'SLUMDOG TALENT CHARITY SHOW' के माध्यम से बच्चों को दे रहा है प्रतिभा प्रदर्शन करने का मौका




ख़्वाब फाउन्डेशन विगत 12 वर्षों से लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य, यूवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास पर कार्य करती रहीं हैं, जिसका 12 वर्षों की उपलब्धि के रूप में समाज के वंचित व अन्तिम जन के बच्चों का भविष्य संवारने हेतु निःशुल्क व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है। ख़्वाब फाउन्डेशन के 12वीं वर्षगांठ पर 7 मई 2023 को ऐसे हीं बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन 'SLUMDOG TALENT CHARITY SHOW' (नगर भवन, मोतिहारी) के माध्यम से किया जा रहा है।



## भारतीय संविधान की जैसी हो गई है जिंदगी । हर रोज अनुच्छेद 368 के तहत संशोधन हो रहा - विनय कुमार (ख्वाब फाउंडेशन सदस्य)

उपयुक्त पत्तियों का तात्पर्य है कि, कोई भी व्यक्ति अपने जीवन को सफल बनाने के लिए अगर तत्पर्य हैं तो उन व्यक्ति को इस कथन का अनुसरण करना ही चाहिए। क्योंकि जिस तरह भारतीय संविधान का उदाहरण देकर छोटा से छोटा और बड़े से बड़े कोई व्यक्ति किसी कार्य को निडरता से संपन्न करते हैं ।उसी तरह आप अपने जीवन में किए हुए कार्य पे विश्वास कर पाएंगे ।

इसतरह भारतीय संविधान की तरह आप अपने को बनाना चाहते हैं तो आपको विश्वसनीय व्यक्ति बनना होगा। अब यह आप कैसे बनेंगे आप जो बोलते हैं, या आप जो करते हैं। वह सब सही हैं। हो तो इसके लिए आप अपने आपको हर रोज अपने जीवन में हर समय, हर दिन, कुछ ना कुछ नया सीखने के लिए तत्पर रहना होगा। यह इसलिए बता रहे हैं कि अपने जीवन में सिखा हुआ सब एक साथ काम आए, ये जरूरी नहीं, लेकिन सीखा हुआ सब एक दिन अवश्य काम आता है, इसीलिए अपने जीवन में हर समय परिवर्तन के लिए अपने आप को तैयार रखें तब जाकर आप आधुनिक दुनिया में साथ चल सकेंगे।

## HAPPY SCHOOL के बच्चे राज्य साइक्लिंग प्रतिभा खोज योजना में दिखाया दमखम




**(जुनून)30अप्रैल2023**

ख्वाब फाउंडेशन के तत्वाधान में चल रही Happy School( चैनपुर, ढेकहां) के प्यारे बच्चे खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए राज्य साइक्लिंग प्रतिभा खोज योजना के माध्यम से स्पोर्ट्स क्लब मोतिहारी में अपना खेल का प्रदर्शन किया। यह बच्चों को समुचित अवसर देने का एक कदम है।

अपने गांव पंचायत में आप भी happy खोलकर देश के भविष्य निर्माण में अपना अहम योगदान दे सकते है। इसके लिए स्कूल के प्रबंधक तेजतर्रार युवा डॉ आनंद कुमार को विशेष आभार।




**(जुनून ),28 अप्रैल 2023, ओडिसा:**
ख्वाब फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमित कुशवाहा ने मुख्य अतिथि के रूप में ओडिसा में Pro fincare Private Limited का उद्घाटन किया । वही कईं स्कूल का दौरा कर वहाँ के शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



## "JECP" का आयोजन हुआ सफल




**(जुनून)29-30अप्रैल2023**

ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन एवं अंतर्राष्ट्रीय युवा मोटीवेटर श्री मुन्ना कुमार Digital Centre of Excellence बरपार, देवरिया, उतर प्रदेश के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। कुछ यादगार तस्वीरें व जागृति यात्रा की शानदार उपलब्धि अपने साथ समेट लाएं।
यह Centre, Enterpreneur के लिए एक वरदान है। कोई भी युवा जो स्टार्ट अप करना चाहता है और एंटरप्रेन्योर बनकर अपने पैर पर खड़ा होकर देश को मजबूत करना चाहता हो, उसके लिए एक शानदार अवसर और उम्मीद है। जागृति यात्रा का रजिस्ट्रेशन शुरु है। JECP देवरिया, UP में जागृति उद्यम केंद्र पर आए हुए अलग- अलग क्षेत्र के एक्सपर्ट के साथ शानदार वार्तालाप में भी शामिल हुआ आपका मुन्ना भाई। JECP की Digital Center of Excellence की शानदार शुभारंभ मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। जागृति यात्रा की ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है।











# • विपिन कुमार : 'पर्यावरण वीर' •

## [लोक कलाकार,पत्रकार,शिक्षक से पर्यावरण वीर तक का सफ़र]



संपादक:
(गोलू कुमार, युवा कवि)

## -:विशेष प्रतिवेदन:-

**"न कश्ती का शौक़ है, न बस्ती का शौक़ है मुझे,
मैं बहता हूं केवल, बह जाने का शौक़ है मुझे।।"**

उपरोक्त दोनों पंक्तियां पर्यावरण वीर विपीन कुमार जी के साहस को बयां कर रहीं हैं।आज प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को ऐसे महान शख्सियत को पढ़ कर जरुर सीखना चाहिए कि जो बिना थके,बिना रुके चाहे समस्या कितना भी आएं या कितना भी बड़ा हो। वे लगातार अपनी शैक्षणिक गतिविधियां एवं नाटय कला के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के तहत पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहें हैं। हमारा 'ख्वाब फाउंडेशन' परिवार के तरफ से इनके जज़्बा को सलाम है और यह मिशन अपने कामयाबी का शिखर तक अवश्य पहुंचें। ऐसा हमलोग कामना करते हैं।

कुशल छवि के धनी एवं पर्यावरण स्नेही प्रकृतिवादी विपिन कुमार जी का जन्म 2 जनवरी 1977 को बिहार राज्य के बक्सर जिले में धनसोई गांव के रहने वाले मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। इनके पिता जितेंद्र कुमार सिंह ने इन्हें बहुत हीं अच्छे तरीके से पालन पोषण किया।बचपन से हीं इनकी रुचि विभिन्न क्षेत्रों में रही है। जिन्होंने मैट्रिक की परीक्षा 1991 में उत्तीर्ण करने के बाद 1998 में स्नातकोत्तर की परीक्षा इतिहास विषय में प्रथम श्रेणी से सफल हुए। पढ़ाई के दौरान से हीं इन्हें लोक कथाओं में नाटक लेखन,अध्यापन कार्य एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य में काफ़ी रुचि रखते थें। जो आज इन क्षेत्रों में पूरी निष्ठा एवं लग्न के साथ कार्य कर भी रहें हैं।

नाटक में रुचि होने के कारण उड़ीसा के कटक में भोजपुरी सम्राट भिखारी ठाकुर कृत लोक नाटक बेटी बेचवा में दूल्हा का अभिनय किया। तब से इनके अंदर नाटय कला में रुझान उत्पन्न हुआ और एक कलाकार के रूप में प्रस्तुत किए तथा इनको एक कला प्रेमी का पहचान मिला। इन्हें लेखन कला में भी रुचि हैं। वर्ष 2008 से 2021 तक अपने क्षेत्र के संकुल समन्वयक के पद पर रहते हुए स्कूलों का सफल संचालन कराया। जिला साक्षरता समिति अंजोर बक्सर में कला जत्था के सदस्य के रूप में भी जिले के विभिन्न गांवों में साक्षरता नाटकों की प्रस्तुति करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री अक्षर आंचल कार्यक्रम में भी इन्होंने सफल योगदान दिया था। जिसके लिए इन्हें उत्कृष्ट समन्वयक के रूप में सम्मानित किया गया।





( ई. मुन्ना कुमार के साथ विपिन कुमार )

## पर्यावरण प्रहरी विपिन कुमार जी के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किया हुआ कार्य व पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला अनेकानेक सम्मान,उपलब्धियां एवं पुरस्कार का विवरण-

**• 12 जनवरी 1995 को कुंवर विजय थिएटर में 'बापू तेरे देश में' नाटक का मंचन किया। इस कला में बेहतर प्रदर्शन के लिए इन्हें सम्मानित किया गया।**

**• एक अच्छे कलाकार रहते हुए भी इन्होंने बक्सर से प्रकाशित समाचार पत्रिका 'संकेत' में संवाददाता के रूप में कार्य किया।**

**• 1999 में डालमियानगर रोहतास और वर्ष 2000 में कालिदास रंगालय (पटना) के अलावा अन्य जगहों पर 'बेटी बेचवा नाटक' की प्रस्तुति की गई।**

**• वर्ष 2002 से फरवरी 2007 तक दैनिक समाचार, प्रभात खबर में लेखन कार्य कर पत्रकारिता जगत में भी एक अच्छे मुकाम हासिल किया।**

**• वर्ष 2007-08 के लिए शिक्षक के रूप में इन्हें रवींद्र भवन (पटना) में 'बोल्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया।**

**• 20 अगस्त 2017 पटना की संस्था पीपल नीम तुलसी अभियान द्वारा युवा आवास फ्रेजर रोड पटना में 'पर्यावरण योद्धा सम्मान' से समानित किया गया।**

**• 15 सितम्बर 2018 एसोसिएशन फॉर स्टडी एंड एक्शन (पटना) द्वारा इनको 'आशा पर्यावरण सुरक्षा सम्मान' पटना में प्राप्त हुआ।**

**• 22 दिसम्बर 2019 को बिहार के बांका जिले के मंदार हिल पर आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण मंथन के मौके पर 'मंदार रत्न सम्मान' प्राप्त हुआ।**

**• 2020 मे औरंगाबाद जिले के हसपुरा मे मगध संवाद कार्यकर्म के दौरान पर्यावरण के क्षेत्र मे बेहतर कार्य हेतु 'मगध संवाद अवार्ड 2020' से सम्मानित किया गया।**

**• 3 जनवरी 2021 को दीदी जी फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र मे बेहतर कार्य के लिए पटना के कालिदास रंगालय में 'बाल उड़ान सह राष्ट्रीय सम्मान 2021' प्राप्त हुआ।**

**• 4 सितम्बर 2021 को कालिदास रंगालय (पटना) मे सूत्रा इवेंट्स विथ लाडो बन्नी फैंस क्लब पटना द्वारा 'सूत्रा एकशेलेंश अवार्ड विन्नर शौर्य सम्मान 2021' से सम्मानित किया गया।**

**• 28 नवम्बर 2021 को International Environment Award 2021 के तहत 'World Pipal Warrior Award' नेपाल के लुम्बनी में प्राप्त हुआ।**

**• 27जुलाई 2022 को 'ख़्वाब फाउंडेशन' द्वारा पटना के कृष्ण विज्ञान केंद्र मे 'कलाम यूथ लीडर शिप अवार्ड' प्राप्त हुआ।**

**• 6 अगस्त 2022को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ मे ग्लोबल नीम संस्था द्वारा विश्व नीम महोत्सव मे 'पर्यावरण मित्र सम्मान' प्राप्त हुआ।**

**• 5 सितम्बर 2022 को पटना मे दीदी जी फाउंडेशन द्वारा डॉ सर्व पल्ली राधाकृष्णन सम्मान प्राप्त हुआ।**

आपको इसी कड़ी में आगे बता दें कि बक्सर सहित बिहार के कई जिलों में साथियों के सहयोग से विपिन कुमार जी पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अभियान चला रहें हैं। मुख्य रूप से शादी, श्राद्ध, जन्म दिन सहित सामाजिक सरोकार के सभी मौकों पर पौधा लगाने और पौधा भेंट करने की परंपरा कायम हो इसके लिए प्रयासरत हैं। इन्होंने इस मिशन की शुरुआत अपनी ममेरी बहन के विवाह में फलदान के मौके पर पौधा भेंट करके किए। जो आज के समय हमारे समाज में कोई नहीं ऐसा महानतम कार्य करता है। अभी चकाचौंध के दुनिया में लोग पर्यावरण के महत्ता को भुलते जा रहें। जन्मदिन हो, विवाह हो, बहू भोजन हो या कोई अन्य समारोह हो इन सब में महंगे-महंगे चमकती हुई उपहार देते हैं लेकिन आख़िरकार उससे कुछ नहीं होता है अगर पौधा उपहार के रूप में लेन-देन शुरू करें तो यह प्रकृति भी जिंदा रहेगा और जब प्रकृति जिंदा रहेगा तो पुरा पृथ्वी जिंदा रहेगा। उसके बाद तो इन्हें पर्यावरण से ऐसा प्रेम हुआ जो इनके जीवन में अंतिम क्षण तक का हिस्सा हीं बन गया है। अपनी माँ की दूसरी पुण्य तिथि पर 51 अशोक का पौधा लगाकर उनके यादों को संजोने का कार्य किया।

कहा जाता है कि अपने कार्यों से यदि लोगों को प्रेरित करना है तो लोगों से पहले खुद हीं उस कार्य को करना होगा तब आपके कार्यों से दुसरे प्रेरणा लेंगे। जब दिल से पौधों की महिमा को समझेंगे तभी यह अभियान धरातल पर उतर सकता है। वरना पौधे लगाने से ज्यादा दिखाने का हीं परम्परा चलती रहेंगी। प्रकृतिवादी विपिन कुमार जी बताते है कि जब मैं इस अभियान के तहत लोगो को पौधा भेंट करता तो कुछ लोग उत्साहवर्धक बातें करते तो कुछ लोग अलग ही निगाहें से देखते थे मानो मैं दुसरे ग्रह से आकर पृथ्वी पर कुछ अलग प्रकार का कार्य कर रहा हूं लेकिन मै अपने लक्ष्य तक पहुंचने में लगा रहा जिसका प्रतिफल हुआ की मेरे साथ-साथ कई अन्य लोगों ने भी इसे अपनाया और अब तो सरकारी आयोजनों मे भी लोग भेंट के रूप मे पौधा देने लगें हैं।

पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार काम कर रहे हैं। बिहार सहित निकटवर्ती राज्यों में पहुंचकर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। जिन्हें'आशा पर्यावरण सुरक्षा संस्था' के राज्य संयोजक बनाया गया है। यह अपने पद पर रहते हुए अब तक विभिन्न उत्सव एवं कार्यक्रमों के अवसर पर सैकड़ों पौधारोपण करने के साथ हजारों पौधों का वितरण किया है। पर्यावरण में रहने वाले सभी जीव जंतुओं के प्रति उदारता दिखाते हुए इन्हें बचाने के लिए एक मुहिम भी चलाया है। विचार गोष्ठियों में भी इन्होंने भाग लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं हैं जिसमें 5 जून 2006 को विश्व पर्यावरण दिवस पर परिचर्चा, 15 अगस्त 2005 को स्वाधीनता आंदोलन में भारतीय भाषाओं का योगदान पर परिचर्चा, सीताराम उपाध्याय संग्रहालय बक्सर में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के अलावा राज्य के विभिन्न जगहों पर आयोजित परिचर्चा में इन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी लिया है।

इन सभी के अलावा यह भारत सरकार एवं राज्य सरकार के तरफ से संचालित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के सफल संचालन में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनकी सफलता जिले के युवाओं के लिए एक प्रेरणा देती है।अभी भी यह अपने मिशन पर लगे हुए हैं। विपिन कुमार जी लोक कलाकार, पत्रकार के बाद प्राथमिक विद्यालय -जलालपुर, प्रखण्ड -राजपुर बक्सर मे शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। इन दिनों शिक्षा की अलख भी जगाने का शुभ कार्य करने में लगे रहते हैं। पर्यावरण प्रहरी के रूप में कार्य करते हुए ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 नगर परिषद् बक्सर के रूप में बनकर लोगों से हरियाली और स्वच्छता की अपील कर रहे हैं। हर क्षेत्र में पर्यावरण मित्र विपिन कुमार जी का अपनी एक अलग पहचान है। वे सभी लोगों से अपील करते हैं कि जितना हों सकें उतना हीं मगर पेड़ या पौधा जरुर लगाएं ताकि आने वाले भविष्य को पर्यावरण विध्वसंक रूप लेकर अपने गाल में न समा लें।

जो लोग अभी भी सोए हुए हैं लगातार समझाने एवं जागरुक करने के बावजूद कि प्रकृति भी हमारे परिवार का एक हिस्सा है इसे भी उतना हीं जिंदा रहने का हक है जितना कि मुझे फिर भी नहीं मानते तो मैं प्रकृतिवादी होने के नाते सबसे यहीं कहना चाहता हूं कि अब भी समय है,पर्यावरण को नष्ट, दूषित होने से बचाएं। बच्चे भी अपने माता-पिता को पर्यावरण के महत्त्व के बारे में बताएं और माता-पिता भी इनके महत्व को अपने बच्चों को अवश्य बताएं।

सांसें हो रही हैं कम,आओ पेड़ लगाएं हम।

# कुंठित मन

सिर्फ अम्बेडकर जयंती पर नहीं बल्कि रोज़

## अहा! मुन्ना भाई PhD Scholar



**सबसे पहले आपको बता दें कि ये कोई मुन्ना भाई MBBS या मिर्जापुर के मुन्ना भईया के रील हीरो यानी पर्दे पर का हीरो नहीं हैं । ये वह मुन्ना भाई PhD Scholar हैं जो रियल हीरो हैं यह असलियत जीवन में दिन-रात संघर्ष के समंदर में गोता लगाते हैं यानि लगातार निःस्वार्थ भाव के साथ ख्वाब फाउंडेशन के तत्वाधान में 12वर्षो से समाज के विभिन्न पहलुओं को समझते हुए खासकर शैक्षणिक पहलु पर कार्य कर रहे हैं फिर भी मुन्ना भाई का तन-मन-धन तीनों समर्पण करने के बावजूद समाज के कुछ अपाहिज तबके को आज तक 'आजादी के अमृत काल' में भी समझ नहीं आता है तो कभी-कभी कुंठित मन सोने नहीं देता है और वे शिक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए उन्हीं के शब्दों में, उन्हीं के विचार आप लोगों के समक्ष प्रस्तुत करते हैं-**

साल में एक बार अंबेडकर जयंती मना लेने से दलित,शोषित और अनाथ बच्चे शिक्षित हो जाते तो कोई जयंती नहीं मनाता। समझ रहे हैं न आप?
एक जयंती मनाने में लाखों खर्च हो जाते हैं। इसमें कई बच्चों को समुचित शिक्षा की व्यवस्था हो सकती है। बच्चों को शिक्षा मुहैया कराने को लेकर चंदा नही मांग सकते और न चंदा देने वाला देता। सबको चोचलेबाजी ही पसंद आता है। जनप्रतिनिधि के रूप में अशिक्षित, अपराधी, बाहुबली, धनबली जीत जाते हैं तो सब उसके पीछे भागने लगते हैं और कहते है कि विकास नहीं हो रहा है। घर के शिक्षित विद्वान लोगों को उपेक्षित कर किनारे कर देते हैं और कहते हैं कि समाज खराब हो गया है। शिक्षा व्यवस्था खराब हो गई है। पावर और पैसा की जहां पूजा होती हो वहां कभी भी शिक्षा को महत्त्व नहीं मिलेगा। सरकारी शिक्षक अपने बच्चों को शहर के अच्छे प्राइवेट स्कूल में पढ़ाएंगे क्योंकि उनको भी मालूम है कि हम खुद बच्चों को ईमानदारी पूर्वक नहीं पढ़ाते,समाज को भी कोई मतलब नहीं, समाज मृतप्राय है और सरकार को इससे कोई मतलब नहीं।

अंबेडकर साहब ने जो आवाज उठाई,---" शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो ।"--उसे लागू करके अपने क्षेत्र के अशिक्षित को शिक्षित कर आगे बढ़ाना ही वास्तविक जयन्ती होगी । लेकिन ये किसको पसंद है? दोहरा चरित्र लिए सब जी रहे हैं। बुद्ध को मानने वाले ,अहिंसा परमो धर्म: कहने वाले हर शादी समारोह और उत्सव में सिर्फ मांस ही खाना पसंद करते हैं और मिलने पर कहते है नमो बुद्धाय। अद्भुत चरित्र है यहां लोगों का ! श्रीराम को मानने वाले भी मांस खाने का अपना शुभ दिन सेट कर चुके हैं। गांधी जी को मानने वाले की तो ख़ैर पूछिए ही मत! अभी मन में काफी विचार घूम रहा है लेकिन अब बस। बुरा मानने वाले बुरा मानिए ,सच मानने वाले आगे आयेंऔर समाज में शैक्षणिक विकास को लेकर मरने से पहले योगदान दें ताकि आपका कर्म आपको हमेशा जिंदा रख सके। "कीर्ति: यस्य स जीवति ।" रिश्तों को जोड़े रखने के लिए कभी अंधा,गूंगा तो कभी बहरा बने रहना पड़ता है।

आज अंबेडकर जयंती के लिए दर्जनों आमंत्रण प्राप्त हुए है, सब जगह जाना संभव नहीं। कई जगह ज्ञान (अंबेडकर-प्रकांड विद्वान) पर धन (नोट वाला गांधीजी) हावी होते देखा तो लगा कि ज्ञान वाले विद्वान अभी इस वर्तमान समय में बेवकूफ हैं, उन्हें भी किसी तरह धन कमाना चाहिए फिर ये तो समझदार जनता है ,धन की भाषा जल्दी समझ जाती है इसीलिए तो अंबेडकर साहब अपनी राजनीतिक पार्टी बनाकर अपने लोगों के लिए चुनाव लड़े और हार गए। लेकिन अपने सिद्धांत और उद्देश्य से समझौता नहीं किया। मन दु:खी है लेकिन क्या किया जाए ,जिसके लिए लड़ो वही साथ नहीं देता आखिर रहना इसी समाज में है। रिश्तों को जोड़े रखने के लिए कभी अंधा,गूंगा तो कभी बहरा बने रहना पड़ता है।
बाकी जिंदगी समाज की ईमानदारी पूर्वक सेवा करते जी सकूं, यही कामना करता हूं, सब मंगल हो।

**" मन दु:खी है लेकिन क्या किया जाए..." -मुन्ना भाई**



**- गोलू कुमार**

## • सच्ची चाहत •

जब तुम टूटी थी,
आशु वो मेरे ही थी!
कभी वो टूटे सितारे,
से पूछना.....
वो क्या क्या चाहता थी!
सच्ची चाहत ही तो थी,
वो मां....
मेरे एक याद में,
आपकी हर खुशियों की,
सुकून छिपी थी !

होशले की जिद्द हो,
और मंजिल की चाहत!
अपनों के सपने हो,
और खुद की हक्किकत!
हां ये मुमकिन हैं!!
जब हो मंजिल बहुत पास,
और हो सब का साथ!
तब देखती हैं दुनिया,
और बनती हैं नई इतिहास!
हां ये मुमकिन हैं!!



प्रज्ञा
गांधी नगर रमना, मोतिहारी

## • छात्र जीवन •

उठो, पढ़ो, पढ़ो सफलता बुला रही।
आ गले लग जा आवाज लगा रही।।
पढ़ना है तेरी जिंदगी, बढ़ना है तेरी जिंदगी।
अगर नहीं पढ़ पाया तो बेकार है तेरी जिंदगी।।

लक्ष्य पाने हेतु जो बेताब होते हैं।
जिंदगी में 100% कामयाब होते हैं।।
जो पढ़ने में, सदा ही व्यस्त होता है।
उसका परिणाम बड़ा ही जबरदस्त होता है।।

कुछ लोग विषम परिस्थितियों में टूट जाते हैं।
जो आत्मविश्वासी होते, वे रिकॉर्ड तोड़ जाते हैं।।
कहीं तारे चमकते हैं, कहीं बिजली चमकती हैं।
कहीं फूल महकते हैं, कहीं चिड़िया चहकती है।।

परिश्रम की हीं बगिया में सुख की कलियां खिलती हैं।
पढ़ने से ही छात्र-छात्राओं की तकदीर बदलती हैं।।
हार मान क्यों बैठे हो, देख हाथ की रेखा को।
जुर्रत है तो बदल सकते हो, अपनी किस्मत की रेखा को।।

सत्यदेव प्रसाद"शिक्षक "
मोतिहारी



-गोलू कुमार

# कलाम यूथ क्लब

## डॉ कलाम के सपना "विकसित भारत" के लक्ष्य हासिल हेतु कदम
## ग्रामीण छात्रों को अब मार्गदर्शन और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में नही होगी कोई दिक्कत

कलाम यूथ क्लब ख्वाब फाउंडेशन की एक ड्रीम प्रोजेक्ट्स में एक है है जो युवन के सपनों को आयाम देने के लिए शुरू किया गया है। हर एक पंचायत में इसकी शुरुआत की जा रही है । युवाओं को भटकने से बचाने और उनके सपनों को हासिल करने में आप भी अपना अहम योगदान कर सकते है।

सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्रों को उचित मार्गदर्शन का अभाव नहीं होगा । यूथ क्लब का निर्माण हेतु लड़के और लड़कियों के अलग- अलग टीम होगा ताकि बच्चे बिना किसी संकोच के पढ़ाई और तैयारी कर पायेंगे। लड़कियों और लड़कों में नेतृत्व कौशल के विकास हेतु अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों का चयन होगा जिनका कार्यकाल एक वर्ष के लिए होगा। यूथ क्लब में मेंटर की भूमिका में विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यक्ति अपने अनुभव और ज्ञान से योगदान। देंगे। वही क्लब के युवाओं का साप्ताहिक बैठक का आयोजन होगा जिसमें साप्ताहिक पढ़ाई और तैयारी की समीक्षा की जाएगी। विभिन्न तरह के कौशल के विकास हेतु नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान की जाएगी ताकि ग्रामीण युवा छात्र भी सक्षम होकर अपने पैर पर खड़ा होने लायक बन सके। बोर्ड अथवा किसी भी प्रतियोगिता की तैयारी करने वाले छात्रों को नि:शुल्क मॉक टेस्ट के साथ कंटेंट भी प्रदान की जाएगी। जीवन में सफल होने के लिए किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक अनुभव बहुत ही जरूरी है।











**अभी पूर्वी चंपरण,बिहार के राजेपुर अवस्थित एकलव्य साइंस इंस्टिट्यूट , पकड़ी दयाल के टॉपर्स पॉइंट, मोतीहारी के टाइज-20 क्लासेज, गोढ़वा के Sure Success कोचिंग सेंटर पर पहली शुरुआत की गई है।**










आप भी अपने स्कूल/कॉलेज/अकादेमी/कोचिंग/ गाँव/पंचायत/प्रखण्ड/जिला में कलाम यूथ क्लब खोल सकते है।

# आपका विचार और सलाह

**जुनून पत्रिका पढ़ते हुए पाठकगण ...**

"पत्रिका सकारात्मक विचार और आगे सफलता के इरादा को मजबूत करने वाला है। एक सलाह है कि पत्रिका में हम जैसे प्रतियोगिता की तैयारी करनें वाले छात्रों के लिए GK/GS का कॉलम जोड़े।शानदार प्रयास "**-नीतीश कुमार**



सामाजिक रूप से खुद को सक्रिय रखने का शानदार प्लेटफॉर्म है ख्वाब फाउंडेशन और इसके द्वारा प्रकाशित पत्रिका हम जैसे छात्रों को सकारात्मक रखने में काफी सहयोग करता है। - **Sunny Shekhar**

पढ़ाई करने के लिए प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा मिलता है। -**रंजीत पंडित**




पत्रिका हमें सामाजिक सेवा के बारे में जानकारी देती है। - **आनंद कुमार विहार**

पढ़ाई करने के लिए प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा मिलता है। -**दिलीप कुमार**

समाज से जुडने और योगदान करने हेतु प्रेरणा प्राप्त होता है पत्रिका पढ़ने से - **अजित कुमार**

आज के समय में online कुछ तो अच्छा मिल पा रहा है , लड़कियों के लिए एक वरदान है । - **श्वेता कुमारी**



शानदार है भाई।

सामाजिक सरोकार से एकदम लबरेज।

- **श्री अनिल कुशवाहा(CLIA,LIC)**



आदरणीय मुन्ना कुमार जी,

इस वीकेंड पर जुनून पत्रिका पढ़ा। यह अपनी तरह का पहला पत्रिका पढ़ा हु जो की हिंग्लिश में हो। अदभुत!!!!!

इसका कंटेंट काफी सराहनीय है। खास तौर से हैप्पी क्लास का कॉन्सेप्ट बहुत ही अच्छा है। समाज के लिए क्या कुछ किया जा रहा है उसके बारे में भी बहुत विस्तार से बताया गया है।

**सुझाव:**

स्ट्रक्चर :- इसमें हर पेज में बॉर्डर होना चाहिए, जिससे पेज बदलने पर पता चलना चाहिए।

**संभावना :-** दूसरे जिले में भी ख्वाब फाउंडेशन का विस्तार का संभावना तलाशना चाहिए और इस पत्रिका में शामिल करना चाहिए।

**कुछ नया :-** साइबर सुरक्षा के लिए कुछ कंटेंट इसमें जोड़ना चाहिए, जिससे ग्राम स्तर पर इसका बहुत जरूरत है।

**विश्वासी,**
**इंजीनियर सत्येंद्र सेठ,**
**तेलारी, सासाराम, बिहार।**



सोनू मेहता और पप्पू कुशवाहा के द्वारा मोबाइल में पत्रिका पढ़ने के बाद लिया गया शानदार तस्वीर...








**अमित कुशवाहा और रचना लैपटॉप से पत्रिका पढ़ते हुए**

**आप भी पत्रिका को पढ़ते हुए अपना फोटो, विचार और सलाह शेयर करें ,अगले अंक में इसका प्रकाशन भी होगा।**

# जन्मदिन स्पेशल अंक

## 'ख्वाब फाउंडेशन' परिवार के तरफ से हमारे सम्मानित सदस्य गणों को ढेरों सारा बधाई एवं शुभकामना...




























### [जन्मदिन विशेष बनाएं]

- अपने जन्मदिन पर Happy School के बच्चों के समुचित पढ़ाई हेतु आर्थिक योगदान दें ।
- बच्चों के बीच कलम,पेन, पेंसिल ,टॉफी आदि बितरित की जाएगी।
- अपने जन्मदिन पर एक पौधरोपण कर शेयर करें और दूसरे को प्रेरित करें।
- 
- खासकर झुग्गी-झोपड़ियों के बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें।



# Career Path -जुनून के साथ



Om Prkash
Professional Coach, Salesforce MVP
CEO AppyCrown Pvt Ltd

## Career options in Information Technology & Software Engineering

There are a wide variety of career options available in the field of Information Technology (IT) for students who have completed their BCA, MCA, or BTech degree. Some popular career options in IT are:

1. **Software Developer:** As a software developer, you would be responsible for designing, coding, and testing software applications. You would need to have strong programming skills and be proficient in languages such as Java, Python, Apex, C++, etc.

2**. Web Developer:** A web developer creates and maintains websites using programming languages such as HTML, CSS, JavaScript, LWC (Lightning Web Component), and PHP.
They work on both the front-end and back-end of websites.

**3. Database Administrator:** A database administrator is responsible for managing and maintaining databases that store critical data for an organization. They ensure that the data is secure, backed up, and easily accessible.

4**. Network Administrator:** A network administrator is responsible for managing and maintaining an organization's computer network. They ensure that the network is secure, reliable, and efficient.

**5. Cybersecurity Analyst:** A cybersecurity analyst is responsible for protecting an organization's computer systems and networks from cyber attacks. They identify potential threats, analyze security risks, and implement security measures to prevent attacks.

In Information Technology, a great demanding career and most popular career options are Salesforce career.
Salesforce is a popular customer relationship management (CRM), World #1 CRM, a cloud based platform used by businesses to manage their sales, marketing, and customer service operations. Some career options in Salesforce are:

**1. Salesforce Administrator:** A Salesforce administrator is responsible for managing and configuring the Salesforce platform to meet the needs of an organization.

**2. Salesforce Developer:** A Salesforce developer is responsible for designing and developing custom applications on the Salesforce platform using programming languages such as Apex and Visualforce.

**3. Salesforce Consultant:** A Salesforce consultant provides guidance and advice to organizations on how to best use the Salesforce platform to achieve their business objectives.

**4. Salesforce Architect:** A Salesforce architect is responsible for designing and implementing complex Salesforce solutions for large organizations. They work closely with business stakeholders to understand their requirements and develop solutions that meet their needs.

Overall, there are many career options available in the field of Information Technology, and Salesforce is a popular platform with its own set of specialized career options.
It is important to research and identify the specific roles that align with your interests, skills, and career goals. Choose a career path that is aligned with your interest where you will be going to enjoy your life with great work life balance.



# कष्टमेव जयते

**व्यक्ति के जीवन का शाश्वत सत्य है मृत्यु वैसे ही सफलता के शिखर पर पहुँचने वाले व्यक्ति के जीवन में कष्ट आना निश्चित है। इस कष्ट से कोई मजबूत होता है तो कोई टूट कर बिखर जाता है । जो मजबूत हुआ इतिहास रचा जो टूटा उसका अस्तित्व खत्म हुआ। फैसला आपको करना है कि टूटना है मजबूत होना है। यह आलेख आपको अपने कष्ट पर विजय पाने और सफल होने के तरीके और प्रेरणा प्रदान करेगा।**

## अब तक मानव समाज की सबसे बड़ा रोग "क्या कहेंगे लोग"।

जब हम किसी लक्ष्य का निर्धारण करते है तो मन में बहुत सारे सवाल उपजते हैं। सबसे पहला सवाल आता है कि “क्या कहेंगे लोग?” जो सामान्यत: सबके साथ घटित होता है। इसलिए कहा जाता है युवाओं के मन का “सबसे बड़ा रोग क्या कहेंगे लोग?”।अब तक मानव समाज का सबसे बड़ा रोग है यह। जी हाँ, जब आप कुछ नया करने को सोचते हैं, या करने जाते हैं तो अक्सर यही सोचते है कि लोग क्या कहेंगे, लेकिन कभी आपने सोचना है, क्या लोगों के पास इतना समय है, जो हर वक्त आपके ऊपर ही ध्यान दे रहे होंगे। यह एक तरह का मन का कष्ट है जिसे नष्ट करना इतना आसान नहीं है। इसका उपाय बाहर नहीं मिलने वाला , इसको नष्ट अगर कोई कर सकता है तो सिर्फ और सिर्फ आप खुद।

**दुनिया में तीन तरह के लोग होते हैं.**

**पहला टाइप :** जो हमें सफल होते हुए देखना चाहते हैं. जिसमें हमारे माता-पिता, हमारे परिवार के सदस्य ,रिश्तेदार और कुछ दोस्त होते हैं. मूल रूप में ऐसे लोग जिनसे हम भावनात्मक रूप से काफी हद तक जुड़े होते हैं।

**दूसरा टाइप :** जो हमें असफल होते हुए देखना चाहते हैं. वह ऐसा क्यों चाहते हैं ये मालूम नहीं। इस ग्रुप में कोई भी हो सकता है आपके परिवार सदस्य भी हो सकते हैं, आपके कुछ रिश्तेदार भी हो सकते हैं और आपके कुछ झूठे दोस्त भी हो सकते हैं और आपके कई पड़ोसी भी हो सकते हैं।

**तीसरा टाइप :**जिसमें बड़े-बड़े लोग हो गए, बिजनेसमैन हो गए, राजनीती वाले हो गए और सेलिब्रिटी आते हैं।

अब आगे बढ़ते हैं. तो सबसे पहले तीसरे टाइप के लोगों को भूल जाइए। क्योंकि वह लोग आपको कभी याद ही नहीं करेंगे।

आपको पहले टाइप के लोगों की चिंता नहीं करनी चाहिए। यह आपकी लाइफ के स्थम्ब हैं जो आपको खड़ा कर रहे हैं, आपको आगे बढ़ने के लिए शक्ति देते हैं. हर परिस्थिति में आपकी हर बुराई आपकी हर समस्या या फिर आपका कैसा भी समय हो वह आपके साथ खड़े रहने वाले लोग हैं।

पहला टाइप और तीसरा टाइप, इन टाइप के लोगों के बारे में हमें टेंशन लेने की कोई जरूरत नहीं है और बचे दूसरे टाइप वाले लोग जो आपकी सफलता से जलते हैं और जो आपको नीचे गिराना चाहते हैं. आप खुद सोचिए जो लोग आपको असफल होते हुए देखना चाहते हैं, जो लोग आपको फेल होते हुए देखना चाहते हैं, आपको उनसे क्या मतलब है. आपको उन्हें कितना महत्व देना चाहिए? क्या उनके बारे में आपको सोचना भी चाहिए? जरा भी नहीं! उनके बारे में सोचना भी समय बर्बाद करने के बराबर है. थोड़ा भी उनके बारे में सोचना नहीं है। क्योंकि उन पर ध्यान देने का मतलब है अपनी ज़िंदगी में नकारात्मकता को आकर्षित करना । इसीलिए उनको छोड़िए।

आपको सिर्फ यही सोचना है कि वह जो नकारात्मक लोग हैं उनका मुंह बंद करवाना है तो सामने जाकर मैं नहीं बोलूंगा, उनको मैं करके दिखाऊंगा, उनको मैं बन के दिखाऊंगा, तभी उनका मुंह बंद होगा, तभी वह लोग बोलना बंद करेंगे और तभी आपको असली सफलता मिलेगी।

वैसे आपको यह तो पता ही होगा कि यह जो नकारात्मक लोग होते हैं जब आप फेल हो जाएंगे तो लोगों को कहते फिरेंगे कि यह तो फेल हो गया और जब आप पास भी हो गए तो वे लोग कहेंगे कि यार पास हो गया तो क्या हुआ फर्स्ट डिवीजन तो नहीं आया।

और अगर मान लीजिए कि आपका फर्स्ट डिवीजन भी आ गया तो वह कहेंगे कि जरूर चीटिंग की होगी तो ऐसे लोगों के बारे में आप अगर सोच कर अपना समय बर्बाद कर रहे हैं आज ही बंद कर दीजिए। वो भी अपने सोच और आदत से लाचार हैं , कृपया ऐसे लोगों को इम्पॉर्टन्स देना छोड़ दे तो देखें मन का कष्ट कैसे नष्ट होता है।

**खुद को सकारात्मक रखने के लिए मुन्ना भाई के youTube चैनल: Motivational Speaker Munna Bhai Subscribe करें।**



# कलामवाद

**विश्व में बहुत सारे वाद आए समाजवाद,पूंजीवाद ,मार्क्सवाद ,लेलीनवाद ,गाँधीवाद आदि आदि लेकिन डॉ *APJ Abdul Kalam* ने युवाओं और बच्चों के लिए जिस तरह से काम किया ,एक वाद से कम नहीं । अगर इसे कलामवाद कहे तो अतिशयोक्ति नहीं होना चाहिए । किसी भी देश की युवा एक राष्ट्रीय संपदा है और इसका समुचित दिशा-निर्देश के साथ सँवारना जरूरी है ताकि कोई भी राष्ट्र सम्पन्न हो सके। डॉ कलाम ने इस दिशा में अद्भुत कार्य किया है ।**


## “सपने वो नहीं होते हैं जो नींद में देखे जाते हैं, सपने वो होते हैं जो आपको सोने नहीं देते हैं.

**जुनून,मई 2023:**
डॉ कलाम साहब एक ऐसे व्यक्तित्व हुए जिन्हें मोटिवेशन मशीन के रूप में जाना जाता है। वास्तव में एक पीपल्स राष्ट्रपति की असली भूमिका निभाए। इन्होंने अपने विचार और कथन से युवाओं और छात्रों के अंदर सकारात्मक ऊर्जा के साथ वास्तविक शक्ति का अहसास कराने का कार्य किया। इनके कई कथन प्रसिद्ध है जो सभी युवाओं के लिए अहर्निस प्रेरणा का सार्वदेशिक और सार्वकालिक स्रोत है ।

वैसे तो बहुत से लोग हैं जिन्होंने जिंदगी की बहुत ही बड़ी-बड़ी उलझन, हकीकत और परेशानियों को बहुत ही कम शब्दों में बांध कर लिख दिया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जितने महान थे उतने ही ऊंचे उनके विचार थे। कलाम जी का सपनों को लेकर कुछ अलग की सोचना था उन्होंने कहा कि **"सपने वो नहीं है जो हम नींद में देखते है सपने वो है जो हमको नींद नहीं आने देते"।** उनकी इस बात ने लोगो को जिंदगी में नये सपने बुनने के लिए एक ऊंची उड़ान दी।

**"सपने वो नहीं है जो हम नींद में देखते है सपने वो है जो हमको नींद नहीं आने देते"** इसका मतलब ये है कि जब हम अपनी जिंदगी में कुछ करने के लिए ठान लेते है तो उसे पाने के लिए हम हर कोशिश करते हैं। कलाम साहब के इस कथन का यहीं मतलब है कि अगर हमने अपनी जिंदगी में कुछ बनने या हालिस करने का असली सपना देखा है तो हम अपने सपने को कुछ इस कदर से पूरा करने में जुट जाए जिससे हमारी आंखों से रातों की नींद उड़ जाए। खुली आंखो से जो सपना देखा उससे पूरा करने की कुछ विशिष्ट चाह होनी चाहिए। नींद मेंआये सपने हम सवेरे तक भूल जाया करते हैं लेकिन खुली आंखों से देखा गया सपना नहीं भूलते। इस लिए सपने खुली आंखों से देखने चाहिए और उन्हें पूरा कने का ऐसा जूनून जो आपको सोने न दे।

ख्याली पुलाव पकाना और कदम बढ़ाना दोनो में आकाश_ पाताल का फ़र्क है। सोते समय नींद में सपना देखना और खुली आँखों से सपने देखना भी एक नदी के दो किनारें है। लेकिन जब इन किनारों के बीच देखेंगे तो पानी की तेज धार दिखाई देगी जो हमेशा आपको अपने धुन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करेगी। काभी -कभी ऐसा भी होता है कि नींद में भी खुली आँख से देखे हुए सपनों में,कदम और उपलब्धि दिखाई देने लगती है। मतलब यह हुआ कि अब आप अपने काम में मग्न हो रहे हैं। यह एक अच्छा संकेत कहा जा सकता है । यह स्थिति बहुत कम लोगों के साथ होती है क्योंकि बहुत ही कम लोग अपनी कथनी और करनी को एक जैसा बना पाते हैं।



एक बात दिमाग में रखे कि सपने सच होते है। जरूरत है अपने सपनों पर विश्वास कर हर संभव कदम बढ़ाने की। हर विपरीत परिस्थियाँ आपको सपनों के तरफ मजबूती के साथ अग्रसर करेगी ,बस हिम्मत नहीं हारना है। हम होंगे कामयाब ,हम होंगे कामयाब एक दिन।

**-मुन्ना कुमार**

# अपील







आपके द्वारा दिए डोनैशन मानवता की रक्षा हेतु एक शानदार कदम होगी।
आप डोनेट करके income tax में लाभ ले सकते है ।



# पत्रिका का हिस्सा बनें ..

आप चाहे तो आप भी अपनी सकारात्मक लेकिन वास्तविक आलेख, कविता अथवा आप जो लिख सकते है जिससे प्रेरणा जागृत हो , हमे भेज सकते है।
अपनी आलेख और प्रतिक्रिया ईमेल - junoon. khwab@gmail.com
पर भेज सकते है।
ज्यादा जानकारी के लिए हमारा वेबसाईट www.khwabfoundation.org देख सकते है ।
अगर आपके पास कोई सुझाव हो तो जरूर बताएं ।

नकारात्मक शक्तियां बड़े ही तेजी से हमारे दिल और दिमाग में घर करते जा रही है । लेकिन हम भी है कि मानने वाले नहीं है । आपसे भी अपील करते है कि आप अपने गाँव/पंचायत/प्रखण्ड अथवा जिला में युवाओं को जोड़े, यूथ क्लब खोले, हैप्पी स्कूल खोले, पुस्तकालय खोले ।
ख्वाब फाउंडेशन आपके मदद के लिए आपको हर संभव मदद करेगी।

## डोनेट करें
## और
## राष्ट्र-निर्माण में अपनी अहम योगदान दें।



## इतिहास के पन्नों में

















# मीडिया के नजर में

निकले थे. गांव में घूमकर वह अपने घर वापस लौट रहे थे. उसी दौरान सड़क किनारे ... अस्पताल भेज दिया है. परिजनों की तरफ से थाना में अभी तक आवेदन नहीं दिया

## ख्वाब फाउंडेशन द्वारा कलाम यूथ क्लब की शुरुआत डॉ कलाम के सपना विकसित भारत के लक्ष्य हासिल हेतु कदम : मुन्ना कुमार

• ग्रामीण छात्रों को अब मार्गदर्शन और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में नही होगी कोई दिक्कत

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सिरहाकोठी,मोतीहारी। डॉ कलाम साहब के सपनों को पूरा करने हेतु छात्रों और युवाओं हेतु कलाम यूथ क्लब ... क्षेत्रों में सफल व्यक्ति अपने अनुभव और ज्ञान से योगदान। देंगे। वही क्लब के युवाओं का साप्ताहिक बैठक का आयोजन होगा जिसमें साप्ताहिक पढ़ाई और तैयारी की समीक्षा की जाएगी। विभिन्न तरह के कौशल के विकास हेतु निरूशुल्क प्रशिक्षण प्रदान की जाएगी ताकि ग्रामीण युवा छात्र



## ...शन ने कलाम यूथ क्लब की शुरुआत की

## प्रतिभाशाली बच्चों के विकास में अभाव नहीं बनेगी बाधा



...संकोच के पढ़ाई ...गे। लड़कियों ... कौशल के ... और अन्य ... होगा। ...र्ष के ... की ...ल

किसी भी प्रतियोगिता की तैयारी करने वाले छात्रों को निःशुल्क मॉक टेस्ट के साथ कंटेंट भी प्रदान की जाएगी।

ख्वाब फाउंडेशन के वरीय पदाधिकारी जीतन पासवान ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक अनुभव बहुत ही जरूरी है। वही राजेश जायसवाल और आनंद कुमार यूथ क्लब के संरक्षक की ...मिका में अपनी योगदान देंगे। ... पर रुचि कुमारी, कल्पना ..., गूंजा कुमारी, हिमांशु ... दीपांशु कुमार, शिक्षक ...कुमार सहित दर्जनों युवा ...त थे।

## मोतिहारी दर्शन

दैनिक गरीब दर्शन — सच की उड़ान

## ख्वाब फाउंडेशन द्वारा 'कलाम यूथ क्लब' की शुरुआत

ग्रामीण छात्रों को अब मार्गदर्शन और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में नही होगी कोई दिक्कत

## कलाम यूथ क्लब की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)। पूर्व राष्ट्रपति व वैज्ञानिक डॉ अब्दुल कलाम आजाद के सपनों को पूरा करने हेतु छात्रों और युवाओं हेतु "कलाम यूथ क्लब" की शुरुआत की गई। ख्वाब फाउंडेशन द्वारा एकलव्य साइंस इंस्टीट्यूट के छात्रों के बीच युवा टीम बनाकर ...

... एक वर्ष के लिए होगा। यूथ क्लब में मेंटर की भूमिका में विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यक्ति अपने अनुभव और ज्ञान से योगदान। ... युवाओं का ...

... साथ कंटेंट भी प्रदान की जाएगी। वही ख्वाब फाउंडेशन के वरीय पदाधिकारी जीतन पासवान ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक अनुभव बहुत ही जरूरी है। वही राजेश जैसवाल और आनंद कुमार ... के संरक्षक की भूमिका ... देंगे। ... रुचि ... गूंजा

## युवाओं के लिए शुरू किया कलाम यूथ क्लब

भास्कर न्यूज | बंजरिया

डॉ कलाम के सपनों को पूरा करने के उद्देश्य से छात्रों व युवाओं के लिए बुधवार को कलाम यूथ क्लब की शुरुआत की गई। इसको लेकर ख्वाब फाउंडेशन द्वारा एकलव्य सा... इंस्टीट्यूट के छात्रों के बीच यु... बनाकर यूथ क्लब की शुरुआ... गई। जिसका उद्घाटन फाउंडे... मोटिवेशनल स्पीकर सह चेयरम... मुन्ना कुमार ने किया। बच्चों क... संबोधित करते हुए कहा कि अब सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्रों को उचित मार्गदर्शन मिलेगा। यूथ क्लब में लड़के व लड़कियों की अलग-अलग टीम होगी। ताकि बच्चे निःसंकोच पढ़ाई व तैयारी कर सकें। लड़कियों और लड़कों में नेतृत्व कौशल के विकास हेतु अध्यक्ष व अन्य का चयन होगा। जिनका कार्यकाल एक वर्ष के लिए होगा। यूथ क्लब में मेंटर की भूमिका में विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यक्ति अपने अनुभव और ज्ञान बाटेंगे। वही क्लब के

## ख्वाब फाउंडेशन ने की कलाम यूथ क्लब की शुरुआत

## ख्वाब फाउंडेशन ने किया कलाम यूथ क्लब की शुरुआत

–डॉ कलाम के सपनों को करेंगे साकार


–ग्रामीण छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में नही होगी कोई दिक्कत



...र्व राष्ट्रपति डॉ कलाम साहब के सपनों को ... करने के लिए ख्वाब फाउंडेशन ने ...व्य साइंस इंस्टीट्यूट के छात्रों के बीच ...टीम बनाकर कलाम यूथ क्लब की ... किया है।

मेंटर की भूमिका में विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यक्ति होंगे।

... भी प्रदान की जाएगी। मौके पर ख्वाब फाउंडेशन के वरीय पदाधिकारी जीतन पासवान ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक अनुभव बहुत ही जरूरी है। ... राजेश जयसवाल और आनंद कुमार को यूथ क्लब का संरक्षक बनाया गया है। मौके पर रुचि


लगातार 12 वर्षों से राष्ट्र निर्माण में समर्पित
ख्वाब फाउंडेशन
के
12वीं स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
CELEBRATING
Keeper of Helpless With Aim & Brain
Khwab Foundation
2nd National Movement
www.khwabfoundation.org
12TH ANNIVERSARY
MUNNA KUMAR
FOUNDER OF KHWAB FOUNDATION

# जुनून-JUNOON

Official news letter of khwab Foundation,India

## Editorial Team


Editor-in-chief- Dr Binod Kumar Singh
Managing Editor-Mr. Munna Kumar
Associate Editor- Shri Satyadev Prasad Kushwaha
Assistant Editor- Ms. Jyanti Sinha
Senior Editor- TY Sahab sahodar
News Editor- Mr. Golu Kumar
Design Editor- Miss Manisha Jaiswal
Academic Editor- Mr. Nitish Kumar & Mr. Vinay Kumar
Photograps Editor- Mr. Sunny Shekhar


CELEBRATING

www.khwabfoundation.org

12TH ANNIVERSARY




KALAM YOUTH CLUB

BE A MEMBER AND SUPPORT

1 May 2023

WWW.KHWABFOUNDATION.ORG

/ khwab foundation